मुकदमा संख्या _____

| | | |
|---|---|---|
| टेक्सस राज्य | § | FORT BEND COUNTY, TEXAS |
| | § | |
| बनाम | § | (फोर्ट बेंड काउंटी, टेक्सस) के |
| | § | |
| | § | द काउंटी कोर्ट ऐटलॉ नंबर _____ में |

## न्यायिक निर्णय स्थगित करने का कोर्ट का आदेश
## ORDER OF THE COURT DEFERRING ADJUDICATION

_____ 20____ के _____ दिन को प्रतिवादी ने खुद व्यक्तिगत रूप से (और एटॉर्नी _____ के साथ) औरअरी कोर्ट में एकगैर-संगीन (मिस्डिमीनर) अपराध, जैसा कि सूचना में आरोप लगाया गया है, _____ के आरोप में अपने **दोषी होने/ नोलो कॉन्टेंडरे** (आरोप स्वीकार या अस्वीकार किए बिना सज़ा स्वीकार करना) की याचिका दायर की है। कोर्ट ने प्रतिवादी की याचिका स्वीकार की औरराज्य औरप्रतिवादी के द्वारा पेश किए गएसभी सबूतों, औरवकीलों की दलीलों को सुनने के बाद पाया कि प्रतिवादी गैर-संगीन अपराध का दोषी है जैसा कथित सूचना में आरोप लगाया गया था औरजिसका सबूत मौजूद है।

हालाँकि, इसतारीख़ में तमाम मुद्दों पर विचार के बाद कोर्ट इसनतीजे पर पहुँचा है औरमानता है कि प्रतिवादी टेक्सस कोड ऑफक्रिमिनल प्रोसीजर के अनुच्छेद 42.12 की धारा 3d (a) के प्रावधानों के तहतप्रोबेशन के योग्य है। साथ ही, कोर्ट की राय यहहै औरकोर्ट यहमानता है कि इससमयअपराध के विषय में कोर्ट द्वारा कोई फ़ैसला लिए बिना आगे की कार्रवाई को मुल्तवी करना, औरकोर्ट द्वारा प्रतिवादी को कोर्ट की निगरानी में प्रोबेशन पर रखना न सिर्फ़ प्रतिवादी औरसमाज के, बल्कि न्याय के भी सर्वश्रेष्ठ हित में होगा।

**इसलिए, कोर्ट के द्वारा विचारित, आदेशित औरघोषित** किया जाता है कि सजा के लिए दोष का अंतिम परीक्षण औरसजा की घोषणा को प्रतिवादी के अच्छे व्यवहार दिखाने तकके लिए टाल दिया गया है, औरप्रतिवादी को आजकी तारीख से _____ माह की अवधि के लिए प्रोबेशन पर निम्नलिखित नियम औरशर्तों पर रखा जा रहा है, अर्थात, प्रोबेशन की अवधि के दौरान प्रतिवादी:

1. इसराज्य या अमेरिका के किसी राज्य के कानून के खिलाफ कोई अपराध नहीं करेगा;

2. घातक औरअनैतिक आदतों से दूर रहेगा। आपप्रतिबंधित चीजों, घातक ड्रग्स, मारिजुआना या ऐसी कोई भी दवा, जो आपको कानूनन नहीं दी गईहै, अपने पास नहीं रखेंगे औरसा ही इनका इस्तेमाल या सेवन करेंगे।

   ☐मादक पेय पदार्थों का नतो आपइस्तेमाल करेंगे औरसही उन्हें अपने पास रखेंगे।

3. बदनाम लोगों या स्थानों या नुकसान पहुँचाने वाले लोगों से दूर रहेंगे (इसमें ऐसी जगहों पर बार-बार जाना भी शामिल है जहाँ नशीले पेय पदार्थ बेचे जाते हैं या परोसे जाते हैं);

4. Fort Bend County Community Supervision and Corrections Department में आजकी तारीख़ औरइसके बाद हर महीने इसी तारीख़ को सामान्य कामकाजी घंटों के दौरान व्यक्तिगत रूप से या जैसा कम्यूनिटी करेक्शंस ऑफिसर निर्देशित करेगा, आपउपस्थित होंगे बशर्ते आपके कम्यूनिटी करेक्शंस ऑफिसर आपको कोई दूसरी तारीख़ नहीं दे देते। Fort Bend County Community Supervision and Corrections Department के सभी नियम औरशर्तों का पालन करेंगे।

5. आपकम्यूनिटी करेक्शंस ऑफिसर को अपने घर, नौकरी की जगहया कहीं औरआकरआपसे मिलने की इजाजत देंगे।

6. Fort Bend County Community Supervision and Corrections Department के नियम औरशर्तों का पालन करेंगे। Fort Bend County Community

Supervision and Corrections Department के किसी भी कार्यालय या परिसर में आपत्तिजनक आचरण से खुद को दूर रखेंगे। गाली-गलौज वाली भाषा का इस्तेमाल नहीं करेंगे और किसी भी शांति भंग करेंगे।

7. जहां तक संभव होगा विश्वसनीयतापूर्वक उपयुक्त नौकरी करेंगे और अपने कम्यूनिटी करेक्शंस ऑफिसर को हर हाज़री के दिन नौकरी का लिखित में प्रमाण देंगे (नौकरी पाने के लिए सभी कोशिशों सहित)। नौकरी बदलने की स्थिति में 24 घंटे के अंदर अपने कम्यूनिटी करेक्शंस ऑफिसर को आप इसकी सूचना देंगे।

8. अगर आपने अपने कम्यूनिटी करेक्शंस ऑफिसर की मार्फत कोर्ट से राज्य छोड़ने की पूर्व इजाजत नहीं ली है तो आप राज्य की सीमा से बाहर नजाएँ। अगर आपने अपने कम्यूनिटी करेक्शंस ऑफिसर की मार्फत कोर्ट से निवास स्थान बदलने की इजाजत नहीं ली है तो अपना निवास स्थान नहीं बदलेंगे।

9. अपने आश्रितों की आप मदद करेंगे और कोर्ट द्वारा आदेशित बच्चों की देखरेख से संबंधित सभी भुगतान चालू रखेंगे। बच्चे की देखरेख के लिए जरूरी भुगतान के लिए कोर्ट के सभी आदेशों की प्रमाणित प्रति अपने कम्यूनिटी करेक्शंस ऑफिसर को उपलब्ध कराएँगे;

10. आज की तारीख और इसके बाद हर महीने आज ही के दिन अपने प्रोबेशन के दरमियान Fort Bend County Community Supervision and Corrections Department के सामान्य कामकाजी घंटों के दौरान $50.00 का भुगतान Fort Bend County Community Supervision and Corrections Department को करेंगे। सभी भुगतान मनीऑर्डर या कैशियर चेक के रूप में किए जाएँगे। निजी चेक स्वीकार नहीं किए जाएँगे।

11. जब भी आप कम्यूनिटी करेक्शंस ऑफिसर से मिलेंगे, उन्हें पूरी तरह से भरी हुई और हस्ताक्षरित "प्रोबेशनर्स मासिक रिपोर्ट" सौंपेंगे।

12. Fort Bend County Community Supervision and Corrections Department के द्वारा मादक और/या नशीले पदार्थों के सेवन की जाँच के लिए आपका कभी भी परीक्षण किया जा सकता है। इस परीक्षण के लिए शुल्क का भुगतान आप Fort Bend County Community Supervision and Corrections Department को करेंगे और सह भी परीक्षण के लिए नमूना देने के दस(10) दिन के अंदर।

13. फोर्ट बेंड काउंटी, टेक्सस के काउंटी क्लर्क को _____ 20____ या उससे पहले कोर्ट खर्च के रूप में $ _____ का भुगतान करें;

14. फ़ोर्ट बेंड काउंटी, टेक्सस के काउंटी क्लर्क के जरिए अपने जुर्माने की राशि का भुगतान $_____ ,प्रति महीने $ ____ की दर से करें, पहला भुगतान _____ 20_____ के _____ दिन को/या उससे पहले बकाया और देय है, और जब तक कि पूरे जुर्माने का भुगतान नहीं हो जाता हर महीने इसी तारीख़ को $_____ का भुगतान करें।

15. $_____ के मुआवजे का भुगतान $_____ की बराबर किस्तों में करें, इसका पहला भुगतान _____ 20_____ के _____ दिन को देय है, और इसी राशि की किस्तें हर महीने की इसी तारीख को तब तक देनी है जब तक की भुगतान पूरा नहीं हो जाता। उपर्युक्त भुगतान Fort Bend County Community Supervision and Corrections Department के जरिए जमा करना होगा।

16. फ़ोर्ट बेंड काउंटी को कोर्ट द्वारा नियुक्त वकील के खर्चे के रूप में $_____ की रकम दें; यह रकम फोर्ट बेंड काउंटी, टेक्सस के काउंटी क्लर्क के जरिए $_____ प्रति माह की दर से होगी, जिसकी शुरुआत _____ 20_____ के _____ दिन से होगी और इसी तरह भुगतान हर महीने की इसी तारीख को तब तक होगा, जब तक की भुगतान पूरा नहीं हो जाता।

17. प्रतिवादी को $50.00 का एकमुश्त भुगतान स्थानीय "क्राइम स्टॉपर्स" | "Fort Bend County Women's Center (फोर्ट बेंड काउंटी वुमन सेंटर)" | "Fort Bend Partnership for Youth program (फोर्ट बेंड पार्टनरशिप फॉर यूथ प्रोग्राम)" | "Behind the Badge Charities (बिहाइंड द बैज चैरिटी)" को करना होगा। यहां उल्लेखित भुगतान तारीख़ _____ 20____ को देय होगा और Fort Bend County Community Supervision and Corrections Department के जरिए दिया जाएगा।

18. अच्छे व्यवहार के लिए मिलने वाले फ़ायदे के बिना प्रतिवादी को _____ दिन की सजा फ़ोर्ट बेंड काउंटी जेल में काटनी होगी। यह सजा नीचे दिए गए निर्देशों के मुताबिक:

____ तुरंत प्रभाव से शुरू/_____ 20_____ के _____ दिन; या
____ सप्ताहांत _____ 20_____के _____ दिन _____ am /pm से शुरू होकर _____

20_____ के _____ दिन _____ am /pm तक और इसके बाद सज़ा पूरी होने तक हर सप्ताह जारी रहेगी; या

____ _____ 20_____ के _____ दिन _____ pm से शुरू और अगले दिन _____ am तक और हर रोज़ शाम को इसी समय से तब तक जारी रहेगी, जब तक सजा पूरी नहीं हो जाती;

अगर प्रतिवादी तय तारीख और समय पर फ़ोर्ट बेंड काउंटी जेल में उपस्थित नहीं होता तो बिना नोटिस के प्रतिवादी की गिरफ्तारी के लिए आदेश जारी कर दिया जाएगा और जेल की बाकी अवधि सप्ताहांत या शामों की नहीं होगी बल्कि पूरे सप्ताह की होगी और तब तक चलेगी जब तक कि वह सजा पूरी न करले।

19. प्रतिवादी को कम्यूनिटी सर्विस रेस्टिट्यूशन को ऑर्डनैटर द्वारा निर्धारित कम्यूनिटी सर्विस रेस्टिट्यूशन के ____ घंटे फ़ोर्ट बेंड काउंटी के लिए करने होंगे और यह 4 घंटे प्रति सप्ताह/16 घंटे प्रति महीने से कम नहीं होंगे, और यह कम्यूनिटी सर्विस इस आदेश के जारी होने के 30 दिन के अंदर ही शुरू होगी। ये घंटे _____ 20_____ के _____ दिन तक पूरे करने होंगे;

20. इस आदेश के 30 दिन के अंदर प्रतिवादी को Fort Bend County Community Supervision and Corrections Department द्वारा मान्यता प्राप्त किसी ऐसी एजेंसी से मादक/ नशीले पदार्थ का मूल्यांकन पूरा करवाना होगा, जो यह काम करती हो। अगर इलाज जरूरी हो तो प्रतिवादी को इलाज से संबंधित सभी नियमों व निर्देशों को, जो एजेंसी ने तय किए होंगे का पालन करना होगा। साथ ही, ऐसी सेवाएँ देने के लिए जो खर्चा होगा, उसे वहन करना होगा। प्रतिवादी को तब तक यह इलाज लेना होगा, जब तक कि सफलतापूर्वक पूरा न हो जाए, जैसा कि प्रतिवादी के वकील और कम्यूनिटी करेक्शंस ऑफिसर ने लिख कर दिया है;

21. इस आदेश के 30 दिन के अंदर प्रतिवादी को Fort Bend County Community Supervision and Corrections Department द्वारा मान्यता प्राप्त किसी ऐसी एजेंसी से मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन पूरा करवाना होगा, जो यह काम करती हो। अगर इलाज जरूरी हो तो प्रतिवादी को इलाज से संबंधित सभी नियमों व निर्देशों को, जो एजेंसी ने तय किए होंगे का पालन करना होगा। साथ ही, ऐसी सेवाएँ देने के लिए जो खर्चा होगा, उसे वहन करना होगा। प्रतिवादी को तब तक यह इलाज लेना होगा, जब तक कि सफलतापूर्वक पूरा न हो जाए, जैसा कि प्रतिवादी के वकील और कम्यूनिटी करेक्शंस ऑफिसर ने लिख कर दिया है;

22. इस आदेश के 30 दिनों के अंदर Fort Bend County Community Supervision and Corrections Department की "लिटरेसी लैब (साक्षरता लैब)" द्वारा एक मूल्यांकन पूरा करना होगा। अगर योग्यता का और स्तर अनुच्छेद 42.12 की धारा 11 (c) के अनुरूप नहीं होगा, तो प्रतिवादी को इस कोर्ट के न्यायाधीश की मंजूरी के साथ Fort Bend County Community Supervision and Corrections Department के निर्देश पर एक शैक्षणिक प्रोग्राम में तब तक भाग लेना होगा जब तक कि जरूरी योग्यता का स्तर पा नहीं लिया जाता;

23. अगर प्रतिवादी जुर्माना, कोर्ट खर्चा या वकील की फीस तुरंत न देकर इस आदेश के 30 दिन के बाद देना चाहता है, तो प्रतिवादी को फ़ोर्ट बेंड काउंटी के काउंटी क्लर्क को $2.50 का भुगतान करना होगा;

24. इस आदेश के_____ दिनों के भीतर प्रतिवादी को पीड़ित के नाम माफी का एक पत्र लिखना होगा और उसे फोर्ट बेंड कम्यूनिटी करेक्शंस ऑफिसर के पास जमा कर उसकी मंजूरी लेनी होगी;

25. प्रतिवादी को फोर्ड बेंड काउंटी कम्यूनिटी सुपरविज़न एण्ड करेक्शंस के ( ) दिमागी कमजोरी; ( ) युवा अपराधी; ( ) मादक द्रव्यों का सेवन; ( ) यौन अपराधी कार्यक्रम में उस अवधि के लिए भाग लेना होगा जो Community Supervision and Corrections Department तय करेगा हालांकि यह अवधि दो (2) साल से ज्यादा की नहीं होगी।

26. न तो व्यक्तिगत रूप से, न ही इलेक्ट्रॉनिक कम्यूनिकेशन के द्वारा, न ही लिखित में, न ही किसी तीसरे पक्ष के द्वारा या अन्यथा _____ से **संपर्क नहीं करेगा;**

27. _____
_____
_____

आपको यह सूचित किया जाता है कि इस राज्य के कानून के अनुसार इस कोर्ट को प्रोबेशन के नियमों व शर्तों को तय करने का अधिकार है और

प्रोबेशन के दौरान किसी भी समय वह इन नियमों व शर्तों में हेरफेर कर सकती है या बदल सकती है।

मैं, यानी प्रतिवादी स्वीकार करता/करती हूँ कि मुझे प्रोबेशन के नियमों व शर्तों की एक प्रति मिल गई है और मेरे एटॉर्नी ने नियमों व शर्तों के बारे में मुझे विस्तार से बताया है और मैं प्रोबेशन की शर्तों को समझता/समझती हूँ, मैंने _____ 20_____ के _____ दिन को हस्ताक्षर किए है।

_____
पीठासीन न्यायाधीश

_____
प्रतिवादी के दाहिने अँगूठे का निशान

_____
प्रतिवादी के हस्ताक्षर/तारीख़

द्वारा हस्ताक्षर लिए गए

_____
नाम/ टाइटल/तारीख़

मैंने प्रतिवादी को प्रोबेशन की शर्तों को विस्तार से समझा दिया है और
प्रतिवादी ने इसे समझ लिया है।

_____
प्रतिवादी का एटॉर्नी/तारीख़

_____
असिस्टेंट डिस्ट्रिक्ट एटॉर्नी/तारीख़

# कम्यूनिटी सुपरविज़न की शर्तों का खास परिशिष्ट
# SPECIAL ADDENDUM TO TERMS OF COMMUNITY SUPERVISION

_____ नियम A. इसआदेश के 180 दिनों के भीतर, टेक्सस कमिशन ऑनअल्कोहल एण्ड ड्रग अब्यूज़, Department of Public Safety (डिपार्ट्मन्ट ऑफपब्लिक सैफ्टी) औआपके कम्यूनिटी सुपरविज़न ऑफिसर द्वारा संयुक्त रूप से स्वीकृत एकशैक्षणिक कार्यक्रम, जिसे नशे की हालत में गाड़ी चलाने औरया गैरकानूनी पदार्थों में लिप्त लोगों के पुनर्वास के लिए बनाया गया है, जैसे, **TEXAS DWI EDUCATION PROGRAM (टेक्सस DWI (मादक पदार्थों का सेवन करके गाड़ी चलाना) एजुकेशन प्रोग्राम); ( ) TEXAS DWI INTERVENTION REPEAT OFFENDER PROGRAM (टेक्ससDWI इंटरवेंशन रिपीट ऑफेंडर प्रोग्राम); ( ) TEXAS DRUG OFFENDER EDUCATION PROGRAM (टेक्सस ड्रग ऑफेंडर एजुकेशन प्रोग्राम)** में हिस्सा लेना होगा औरउसे सफलतापूर्वक पूरा करना होगा**;** औइसके खर्चे को वहनकरना होगा औरअपने ऑफिसर को कार्यक्रम में नियमित रूप से शामिल होने का संतोषजनक लिखित साक्ष्य देना होगा।

_____ नियम B. प्रतिवादी को अपने खर्चे पर कंपनी से Department of Public Safety द्वारा इस्तेमाल के लिए स्वीकृत कैमरा युक्त इग्निशन इंटरलॉक डिवाइस लेना, लगवाना औरचालू रखना होगा। जैसा कि कोड ऑफक्रिमिनल प्रोसीजर के अनुच्छेद 42.12 की धारा 13 (i) में कहा गया है को छोड़कर प्रतिवादी जितने भी वाहन प्रयोग में लाते हैं, उनसभी वाहनों में उसे इसआदेश के 30 दिनों के अंदर इंटरलॉक उपकरणलगवाना होगा। प्रतिवादी को ऊपरबताए गएअल्कोहल इंटरलॉक उपकरण का _____ महीने का शुल्क औरखर्च देना होगा। इसके अलावा, प्रतिवादी को इंटरलॉक पाने, उसे लगवाने, चालू रखने और उपयोग से संबंधित जितने भी नियम व कानून हैं, सबका पालन करना होगा। प्रतिवादी इसबात से सहमतहै Community Supervision Department के अनुरोध पर वह उसइंटरलॉक उपकरण को दिखाएगा।

☐ प्रतिवादी के पास वाहन चलाने का वैध लाइसेंस नहोने या उसके पास चालू हालत में मोटर वाहन नहोने की स्थिति में, नियम H लागू करने की जरूरत होगी औरयहउसी समयावधि के लिए लागू होगा जिसके लिए नियम B लागू है।

_____ नियम C. इसआदेश के 60 दिनों के अंदर प्रतिवादी को Texas Department of Public safety द्वारा जारी रिस्ट्रिक्टेड ड्राइवर्स लाइसेंस (प्रतिबंधित चालक का लाइसेंस) होने का सबूत दिखाना होगा जो प्रतिवादी को ऐसी मोटर वाहन चलाने की इजाजत देता है जो डीप-लंग ब्रेथ एनालसिस मेकैनिज़म (गहरी-फेफड़ों की सांस विश्लेषण तंत्र) से लैस होगा। अगरप्रतिवादी यहां दी गईसमयसीमा के भीतर ऐसा नहीं करपाता तो प्रतिवादी को अपना मौजूदा ड्राइवर लाइसेंस अधिकृत कम्यूनिटी सुपरविज़न ऑफिसर के पास जमा करना होगा औरप्रतिवादी की वाहन चलाने की आज़ादी उससमयतक के लिए छीन ली जाएगी, जबतककि वह रिस्ट्रिक्टेड ड्राइवर लाइसेंस पा नहीं लेता।

_____ नियम D. प्रतिवादी को Fort Bend County Community Supervision and Corrections Department के निर्देशानुसार _____ महीनों के लिए हर हफ़्ते _____ **Alcoholics Anonymous (अल्कोहॉलिक्स अनोनिमस)/ NA (नारकोटिक्स अनोनिमस) /CA (कोकेन अनोनिमस)** मीटिंग में हिस्सा लेना होगा औरअपनी हर ऑफ़िस विज़िट पर सुपरवाइज़िंग अधिकारी को इसका सबूत देना होगा;

_____ नियम E. फोर्ट बेंड कम्यूनिटी करेक्शंस ऑफिसर द्वारा स्वीकृत एजेंसी में इसआदेश के 180 दिनों के भीतर प्रतिभागी को "Victim Impact Panel (मादक पदार्थों का सेवन करने वालों से पीड़ितों के लिए समुदाय आधारित बैठक)" में हिस्सा लेना औरउसे पूरा करना होगा औइसके लिए जरूरी जो भी शुल्क होगा वह चुकाना होगा;

_____ नियम F. इसआदेश के 90 दिनों के भीतर प्रतिवादी को Fort Bend County Community Supervision and Corrections Department के जरिए "Prison Deterrence Education Program (प्रिजन डेटरेंस एजुकेशन प्रोग्राम)" में भाग लेना होगा, भागीदारी करनी होगी औइसे सफलतापूर्वक पूरा करना होगा;

_____ नियम G. इसआदेश के 60 दिनों के भीतर प्रतिवादी को Fort Bend County Community Supervision and Corrections Department के निर्देश पर निम्नलिखित कार्यक्रम/कार्यक्रमों में शामिल होना होगा, भागीदारी करनी होगी औरसफलतापूर्वक इसे पूरा करना होगा;

☐ **घरेलू हिंसा** कार्यक्रम _____ दिनों के भीतर पूरा करें
☐ **क्रोध प्रबंधन** कार्यक्रम _____ दिनों के भीतर पूरा करें
☐ **चोरी-विरोधी (ऐंटी थेफ्ट)** कार्यक्रम _____ दिनों के भीतर पूरा करें

_____ नियम H. इसआदेश के पारित होने के 30 दिनों के भीतर प्रतिवादी को फोर्ट बेंड कम्यूनिटी करेक्शंस ऑफिसर द्वारा मान्यता प्राप्त कंपनी

का "**इन-होम इंटरलॉक डिवाइस**" अपने घर पर ____ दिन की अवधि के लिए लगाना होगा और यह अवधि तारीख़ _____, 20___ को खत्म होगी। प्रतिवादी को ऊपर लिखित कार्यक्रम के सभी नियम और शर्तों का पालन करना होगा और इस कार्यक्रम का सारा खर्च वहन करना होगा।

_____ नियम I. प्रतिवादी निम्न पते _____ पर Fort Bend County Community Supervision and Corrections Department की देखरेख में **इलेक्ट्रॉनिक/सैटेलाइट की निगरानी** में अपने घर के अंदर ही रहेगा जिसकी शुरुआत _____ 20_____ के _____ दिन से होगी और निम्न परिस्थितियों को छोड़कर वह पूरे समय घर के अंदर ही रहेगा, अर्थात: (1) कम्यूनिटी सुपरविज़न ऑफिसर की अनुमति से नौकरी या काउंसलिंग के उद्देश्य से या (2) तयव्यवस्था के मुताबिक कम्यूनिटी सुपरविज़न ऑफिसर के पास हाजिरी देने के उद्देश्य से; और इसी के साथ प्रतिवादी इन सबपर जो खर्च आएगा या जो रकम जमा करने की जरूरत होगी, यहां उल्लेखित डिपार्टमेंट को प्रतिवादी, उसका भुगतान करेगा।

_____ नियम J. प्रतिवादी को _____ a.m. से _____ p.m. तक **होम कर्फ्यू** का पालन करना होगा। कामकाज निपटाने और अपने कम्यूनिटी करेक्शंस ऑफिसर को पहले से सबूत पेश करने पर इसमें छूट मिल सकती है।

मैं, यानी प्रतिवादी स्वीकार करता/करती हूं कि मुझे प्रोबेशन की शर्तों के खास परिशिष्ट की एक प्रति मिल गई है, मेरे एटॉर्नी ने सारे नियमों को मुझे समझा दिया है और मैं प्रोबेशन के सारे नियमों को समझ चुका/चुकी हूँ। _____ 20_____ के _____ दिन को हस्ताक्षरित

_____ _____

प्रतिवादी के हस्ताक्षर तारीख़ प्रतिवादी के एटॉर्नी तारीख़

_____

पीठासीन न्यायाधीश तारीख़